प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 28.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा "थाना समाधान दिवस" के अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 28.03.2026 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा थाना चरखारी पहुँचकर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह सहित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सभी को उनकी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 शिकायतें राजस्व से सम्बन्धित तथा 05 शिकायतें पुलिस से सम्बन्धित पाई गईं। इस दौरान मौके पर ही 04 शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया है तथा प्राप्त अन्य समस्त शिकायतों के समाधान/निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही प्रगति पर है।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 28.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.03.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।





# महोबा पुलिस



## “मिशन शक्ति 5.0” (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेतु भव्य स्कूटी रैली का आयोजन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को किया गया रवाना...।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार जनपद महोबा में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से “मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण)” के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च 2026 को एक भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली को मा0 सदर विधायक श्री राकेश गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर, महोबा से महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु एक भव्य स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर से रैली का शुभारंभ थाना कोतवाली नगर से निकलकर तहसील चौराहा, चूडी वाली गली, बस स्टैण्ड, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक पर जाकर सम्पन्न हुई।

रैली के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली में यूपी-112 की गाड़ियां एवं जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केंद्र की महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे— 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108/102 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) की जानकारी दी गई। साथ ही, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में भी जागरूक किया गया।

वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के उपाय एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे डिजिटल रूप से भी सुरक्षित एवं सशक्त बन सकें।

‘मिशन शक्ति’ अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें एक सशक्त वातावरण प्रदान करना है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, आरआई श्री शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह, प्रभारी महिला थाना उ0नि0 निकिता शुक्ला सहित सम्मानित पत्रकार बंधुओं की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।








